महत्वपूर्ण एवं खास

होटल के सामने खड़ी बाइक पार

रायपुर (आरएनएस)। मरीन ड्राइव स्थित मद्रासी ग्रीन होटल के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी नरेन्द्र पटेल 25 वर्ष कर्मचारी कालोनी कुशालपुर का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 06 जीडी 1018 से मरीन ड्राइव स्थित मद्रासी ग्रीन होटल गया था। जहां वह अपनी बाइक को खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

बाइक सवार बदमाश महिला का पर्स लेकर हुआ फरार

रायपुर (आरएनएस)। बाइक सवार अज्ञात युवक ने महिला के पर्स को छीनकर भाग निकला। चोरी गए पर्स में मोबाइल व नकदी रकम था। प्रार्थिया की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रियदर्शनी नगर न्यू राजेन्द्र नगर निवासी प्रार्थिया सरला जैन 52 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी सहेली के साथ पैदल जा रही थी। तभी मातृछाया अपार्टमेंट के पास प्रियदर्शनी नगर के पास बाइक सवार अज्ञात युवक पीछे से आया और प्रार्थिया के कंधे में लटके पर्स को छीनकर भाग निकला। पर्स में मोबाइल सहित नकदी रकम हुआ था। चोरी गए जुमला करीब 5 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थिया की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

हत्या करने की नियत से किया हमला

कोरबा (आरएनएस)। प्रार्थीया सुरुज कुँवर पति तूल सिंह 35 साल निवासी कपोट चौकी चैतमा के द्वारा 30 नवम्बर को रिपोर्ट दर्ज कराया कि 30 नवम्बर को वह अपनी बाड़ी में सब्जी लगाने के लिए बाड़ी में घेरा लगाया था कि कथित आरोपी के द्वारा क्यो घेरा लगा दिए कहकर टांगी की पासा से पार्थिया के पति तूल सिंह के सिर पर हत्या करने की नीयत से मारा जिससे सिर में चोट लगी है काफी मात्रा में खून निकला है। रिपोर्ट दर्ज कराने पर मामले की गंभीरता की देखते हुए कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह, के द्वारा तत्काल बारीकी से जांच करने हेतु आदेश देने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरबा अभिषेक वर्माए पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पुलिस ईश्वर त्रिवेदी के पर्यवेक्षण में घटना की बारीकी से जांच कर कथित आरोपी द्वारा अपराध घटित करना पाए जाने से आरोपी को गिरफ़्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक थाना प्रभारी पाली राजीव श्रीवास्तव, चौकी प्रभारी चैतमा सुरेश जोगी, प्रधान आरक्षक प्रकाश रजक, आरक्षक चमार सिंह, सैनिक रवि पोर्ते की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

पांच सिंचाई योजनाओं के लिए 24.90 करोड़ रूपए स्वीकृत

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ शासन ने प्रदेश की पांच विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं के कार्यों को कराने के लिए 24 करोड़ 90 लाख 23 हजार रूपए स्वीकृत किए है। योजनाओं के कार्य पूर्ण होने से 1656 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। कोरिया जिले के खडग़ंवा विकासखण्ड अंतर्गत उदनापुर जलाशय योजना के मुख्य नहर में सी.सी. नाली निर्माण नहर बेड की सफाई तथा बैंक की ऊंचाई बढ़ाने का कार्य आर.डी. 1370 मी. से 3500 मी. एवं माइनर नहर आर.डी. 470 मी. 700 मी. तथा कुलावा फिक्सिंग कार्य के लिए तीन करोड़ 44 लाख 94 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के पूर्ण होने से 403 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड सोनहत में जलाशय बांध में सी.सी.चैनल निर्माण कार्य के लिए दो करोड़ 41 लाख 23 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के पूर्ण होने से 156 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड सोनहत की रजौली बांध सी.सी. चैनल निर्माण और अन्य कार्य के लिए दो करोड़ 91 लाख 52 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। कार्य के पूर्ण होने से 91 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी।

छत्तीसगढ़ में सबसे कम बेरोजगारी : रोजगार देने में देश में अव्वल

- छत्तीसगढ़ में नवंबर में बेरोजगारी दर महज 0.1 फीसदी
- देश में 8.2 फीसदी रहा बेरोजगारी का आंकड़ा
- राज्य की नीतियों की वजह से मिली बड़ी उपलब्धि

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ 0.1 प्रतिशत बेरोजगारी की दर के साथ लगातार देश का न्यूनतम बेरोजगारी दर वाला राज्य बना हुआ है। राज्य को मिली इस उपलब्धि के पीछे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में रोजगार के नए अवसरों के सृजन के लिए बनाई गई योजनाएं और नीतियां हैं। छत्तीसगढ़ में बीते पौने चार साल के भीतर अनेक ऐसे नवाचार हुए हैं, जिनसे शहर से लेकर गांव तक हर हाथ को काम मिला रहा हैं। गौरतलब है कि सीएमआईई के मई-अगस्त 2018 में जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी दर 3.22 प्रतिशत थी। राज्य शासन की योजनाओं से इसमें उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है। बेरोजगारी की दर छत्तीसगढ़ में माह दिसंबर 2022 में घटकर 0.1 प्रतिशत रह गई है। छत्तीसगढ़ राज्य के 99.90 फीसद लोग किसी न किसी रोजगार से जुड़कर आजीविका हासिल कर रहे हैं। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सीएमआईई) द्वारा जारी ताजा आंकड़ों से यह साबित हुआ है। छत्तीसगढ़ राज्य में नवंबर में बेरोजगारी दर अब तक अपने न्यूनतम स्तर 0.1 प्रतिशत है। देश में सबसे कम बेरोजगारी दर के मामले में छत्तीसगढ़ शीर्ष पर है। बीते दिनों सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सीएमआईई) द्वारा 1 दिसंबर को जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार नवंबर माह में छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी दर 0.1 फीसदी

दर्ज की गई है, जबकि नवंबर माह में देश में बेरोजगारी दर का यह आंकड़ा 8.2 फीसदी रहा है। देश के शहरी क्षेत्रों में 9.0 फीसदी और ग्रामीण क्षेत्रों नवंबर माह में बेरोजगारी का आंकड़ा 7.8 फीसद रहा है। न्यूनतम बेरोजगारी दर के मामले में छत्तीसगढ़ राज्य को मिली इस उपलब्धि के पीछे वजह मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में रोजगार के नए अवसरों के सृजन के लिए बनाई गई योजना और नीतियां रही हैं। छत्तीसगढ़ में बीते पौने चार साल के भीतर अनेक ऐसे नवाचार हुए हैं, जिनसे शहर से लेकर गांव तक हर हाथ को काम मिला है। सीएमआईई द्वारा 1 दिसम्बर 2022 को बेरोजगारी दर के संबंध में जारी रिपोर्ट के मुताबिक नवम्बर 2022 में सबसे कम बेरोजगारी दर वाले राज्यों में 0.1 फीसदी के साथ छत्तीसगढ़ शीर्ष पर है। वहीं इसी अवधि में 1.2 फीसदी के साथ उत्तराखंड दूसरे स्थान पर है। ओडिसा 1.6 फीसदी बेरोजगारी दर के साथ तीसरे स्थान पर है। मध्यप्रदेश में यह आंकड़ा 6.2 प्रतिशत है और गुजरात में यह आंकड़ा 2.5 प्रतिशत रहा है। दूसरी ओर नवंबर 2022 में सर्वाधिक बेरोजगारी दर के मामले में हरियाणा शीर्ष पर है, जहां 30.6 फीसदी बेरोजगारी दर दर्ज की गई है। जम्मू एवं काश्मीर में बेरोजगारी दर 23.9 फीसदी दर्ज की गई।

इसलिए छत्तीसगढ़ में रोजगार:

छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार ने समावेशी विकास के लक्ष्य के साथ काम करना शुरू किया। महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज्य की परिकल्पना के साथ गांवों की आर्थिक सुदृढ़ीकरण की दिशा में नवाचार किए गए। इसमें सुराजी गांव योजना के अंतर्गत नरवा-गरूवा-घुरवा-बाड़ी कार्यक्रम ने महती भूमिका निभाई तो दूसरी ओर गोधन न्याय योजना के साथ गौठानों को रुरल इंडस्ट्रियल पार्क के तौर पर विकसित किया गया, जिससे गोबर बेचने से लेकर गोबर के उत्पाद बनाकर ग्रामीणों को रोजगार मिला। रोजगार के नए अवसर सृजित हुए। 7 से बढ़ाकर 65 प्रकार के लघु वनोपजों की समर्थन मूल्य पर खरीदी और इन लघु वनोपजों के प्रसंस्करण व मूल्य संवर्धन किया गया। इससे वनांचल में भी लोगों को रोजगार मिला। इसी तरह स्व-सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों की बिक्री के लिए सी-मार्ट प्रारंभ किए गए हैं। राजीव गांधी किसान न्याय योजना से किसानों की आर्थिक समृद्धि की दिशा में प्रयास हुए तो वहीं इस योजना के बाद उत्साहित किसानों की दिलचस्पी कृषि की ओर बढ़ी। राज्य में खेती का रकबा और उत्पादन बढ़ा। राजीव गांधी ग्रामीण कृषि भूमिहीन मजदूर योजना के तहत पौनी-पसारी व्यवस्था से जुड़े लोगों को आर्थिक सहायता मिली। राज्य में नई उद्योग नीति लागू की गई, जिसमें अनेक वर्गों और विभिन्न क्षेत्रों में सब्सिडी के प्रावधान किए गए। इससे उद्यमिता विकास को गति मिली।

अवैध कोयला भंडारण पर जिला प्रशासन की ताबड़तोड़ कार्यवाही

- 2 जगहों में छापामार कार्रवाई के दौरान लगभग 40 टन अवैध कोयला जप्त, कोयले से लदे एक गाड़ी और चार मोटरसाइकिलें भी जप्त
- राजस्व, खनिज और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने करतला और चांपा में की कार्यवाही

कोरबा (आरएनएस)। कलेक्टर संजीव झा के निर्देश पर अवैध कोयला भंडारण पर जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने बुधवार देर शाम ताबड़तोड़ छापामार कार्रवाई की। राजस्व विभाग, खनिज विभाग और पुलिस विभाग की संयुक्त कार्रवाई के दौरान 2 जगहों

पर लगभग 40 टन कोयला जप्त किया गया। करतला में खान ढाबा के पीछे झाडिय़ों के आस पास लगभग 10 टन और चांपा में विरेंद्र सिंह के आवासीय परिसर में लगभग 30 टन अवैध कोयला भंडारण पाया गया। करतला में जांच के दौरान मौका क्षेत्र में उपस्थित मजदूर मौके से फरार हो गए। करतला में कोयला से भरा हुआ एक गाड़ी और चार मोटरसाइकिलें भी जप्त की गई। इसके अलावा मौका जांच में तौल कांटा बांट, कोयला खरीदी बिक्री, मजदूरों का भुगतान और पैसों के लेनदेन से संबंधित संबंधित रजिस्टर भी जप्त किया गया। दस्तावेजों को जांच के लिए खनिज कार्यालय भेजा गया तथा गाडिय़ों और इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटे को थाना करतला में सुरक्षार्थ रखा गया है। इसी प्रकार तहसील करतला के ग्राम चांपा में विरेंद्र सिंह के आवासीय परिसर में अवैध रूप से कोयले खनिज का भंडारण पाया गया। मौका जांच में लगभग 30 टन कोयले का भंडारण पाया गया। साथ ही इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटा भी पाया गया। जमीन मालिक के पास उनके परिसर में भंडारित कोयले के संबंध में कोई दस्तावेज नहीं पाया गया। मौके पर पाए गए कोयले और तौल कांटे को संयुक्त टीम द्वारा जब्ती की कार्रवाई की गई।

एसडीएम कोरबा सीमा पात्रे ने बताया की करतला के खान ढाबा के पीछे जमीन में और ग्राम चांपा में अवैध कोयला भंडारण होने और कोयले की अवैध खरीदी बिक्री की सूचना पर छापामार कार्रवाई की गई। दोनो जगहों के निरीक्षण के दौरान कोयला भंडारण पाया गया। साथ ही कोयला खरीदी बिक्री के भी दस्तावेज पाए गए। एसडीएम ने बताया की दोनो जगहों पर कोयला के वैध खरीदी बिक्री और भंडारण के कोई साक्ष्य नहीं पाए गए। जमीन मालिकों द्वारा खनिज से संबंधित कोई वैध प्रमाण भी नही प्रस्तुत किया गया। एसडीएम ने बताया की दोनों जगहों पर की गई छापामार कार्रवाई के दौरान पाए गए कोयले को जब्ती कर विभागीय कार्रवाई की जा रही है। साथ ही आसपास के लोगों से भी गतिविधियों के बारे में पूछताछ की जा रही है। कार्यवाही में राजस्व विभाग से तहसीलदार मुकेश देवांगन, नायब तहसीलदार लखेश्वर सिदार, खनिज विभाग से खनिज निरीक्षक जीत चंद्राकर एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम शामिल थी।

फर्जी दस्तावेज बनाकर जमीन को दो बार बेचा, धोखाधड़ी का मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। अग्रोहा गृह निर्माण समिति रायपुरा में स्थित जमीन का फर्जी दस्तावेज बनाकर दो बार बिक्री करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार कलर्स मॉल के पास न्यू राजेन्द्र नगर निवासी प्रार्थिया सुश्री रीतु शर्मा 49 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि उसकी अग्रोहा गृह निर्माण समिति रायपुरा में 7 हजार वर्गफीट मकान है। जिसका आरोपी जावेद, रूपेश कुमार चौबे व अन्य ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर दो बार बिक्री कर धोखाधड़ी किए। जब इस बात की जानकारी प्रार्थिया को मिली तो उसने इसकी शिकायत डीडीनगर थाने में की। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 467, 468, 471, 120 बी के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

चूना खोदते ग्रामीण मलबे में दबे : 6 की मौत, 2 जख्मी

जगदलपुर (आरएनएस)। संभाग मुख्यालय जगदलपुर से 10 किलोमीटर दूर ग्राम मालगांव में खदान से चूना निकालते समय हुए हादसे में 6 लोगों की मृत्यु होने तथा 2 लोगों के गंभीर रूप से घायल होने की खबर है। शुक्रवार को हुए इस हादसे में बड़ी संख्या में लोगों के हताहत होने की खबर से हडक़ंप मच गया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत मालगांव क्षेत्र में खदान से चूना निकालते वक्त खदान भसकने के कारण कई लोग मलबे की चपेट में आ गए और मलबे में दब जाने की वजह से 6 लोगों की मृत्यु हो गई तथा 2 लोगों को जीवित बचा लिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार हशमती, कमली, शांति, कोमादी, मनमति, सैयद, सैयतो, पूर्णिमा और रामेश्वर इस हादसे की चपेट में आए। जिनमें से मनमति और पूर्णिमा गंभीर रूप से घायल हैं जबकि हशमती, कमली,

शांति, कुमारी सैयतो और रामेश्वर की मृत्यु हो गई। हादसे की खबर मिलते ही राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया जिससे घायल लोगों को सुरक्षित निकालकर उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया जबकि 6 लोगों को निकालने के पहले ही उनकी मृत्यु हो जाने की खबर है। हादसे की जानकारी मिलते ही प्रशासन सक्रिय हो गया है और इस बड़े हादसे की वजह का पता लगाया जा रहा है।

धधकते हुए कोयले से भरे गड्ढे में गिरा ठेकाकर्मी, झुलसे मजदूर की उपचार के दौरान मौत

कोरबा (आरएनएस)। कोरबा के एसईसीएल दीपका खदान में पाइप खींचते समय एक ठेकाकर्मी धधकते हुए कोयले से भरे गड्ढे में जा गिरा। हादसे में मजदूर गंभीर रूप से झुलस गया। सिम्स बिलासपुर में इलाज के दौरान बुधवार को मजदूर की मौत हो गई। मरने से पहले एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट ने उसका बयान दर्ज किया।

जानकारी के जानकारी के अनुसार प्रबंधन ने दीपका खदान में कोयले के स्टॉक में लगने वाली आग को बुझाने का ठेका अरविंद कुमार नाम के ठेकेदार को दिया है। ठेकेदार के पास चैतमा निवासी परसराम 38 वर्ष मजदूरी करता था। सोमवार को हर दिन की तरह सुबह भी वो काम पर गया हुआ था। परसराम कोयले में लगी आग को बुझाने के लिए पाइप खींच रहा था। इसी दौरान वो गड्ढे में जा गिरा। इस गड्ढे में पहले से ही कोयला धधक रहा था, जिससे परस गंभीर रूप से झुलस गया। खबर मिलते ही ठेका कंपनी का मुंशी साहेब लाल मौके पर पहुंचा। उसने किसी तरह गंभीर रूप से झुलसे हुए मजदूर को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया, जहां से उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया। इसकी सूचना मेमो के माध्यम से अस्पताल

पुलिस को मिली। जिला अस्पताल चौकी प्रभारी रविंद्र कुमार जनार्दन ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए अस्पताल पुलिस ने कार्यपालिक दंडाधिकारी को अवगत कराया। इसके बाद एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट ने अस्पताल पहुंचकर मजदूर का बयान दर्ज किया। इसके कुछ ही देर बाद मजदूर को सघन उपचार के लिए सिम्स रेफर कर दिया गया। सिम्स में दो दिनों तक चले इलाज के बाद बुधवार को मजदूर की मौत हो गई। मृत मजदूर के शव का पोस्टमॉर्टम कराने के बाद उसे अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया। बता दें कि मजदूर के गंभीर रूप से झुलस जाने के बाद भी मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को नहीं दी गई और इसमें लीपापोती की कोशिश की गई।

भतीजे ने साथियों के साथ मिलकर पार किए कैश, 68 हजार रुपए बरामद

कोरबा (आरएनएस)। कोरबा में एक युवक ने अपने ही चाचा के घर से चोरी कर ली। उसका चाचा अपने परिवार के साथ शादी के कार्यक्रम में गया था। उसी दौरान भतीजे ने अपने ही साथियों के साथ मिलकर कैश पार कर दिए हैं। इस मामले में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। मामला मानिकपुर चौकी क्षेत्र का है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार चिमनी भ_ा इलाके में मोहम्मद सलीम अपने परिवार के साथ रहता था। सोमवार को वह परिवार के साथ ही श्यांग गया हुआ था। इसके बाद बुधवार सुबह जब सलीम और उसका परिवार वापस लौटा तो घर का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाने पर पता चला कि सामान भी बिखरा हुआ है। अलमारी में रखे कैश और गहने गायब थे। इसके बाद सलीम ने मामले की शिकायत पुलिस से की। जिस पर पुलिस ने जांच शुरू की। जांच में पता चला कि शादी के लिए सलीम और उसका पूरा परिवार शादी में गया था। मगर उसके ही भाई अब्दुल कलीम के बेटा मोहम्मद जाहिद शादी में नहीं गया था। बस इसी बात पर पुलिस को शक हुआ था। जाहिद पर पहले से चोरी का मामला भी दर्ज था। इस वजह से पुलिस को

उस पर शक था।

वहीं पुलिस ने जाहिद को फोन लगाया था। फोन लगाने पर जाहिद यहां-वहां की बात करने लगा। पुलिस को ही गुमराह करने लगा था। इस पर पुलिस ने पुलिस ने उसे हिरासत में लिया। हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर पत चला कि जाहिद ने ही इस वारदात को अंजाम दिया था। इस काम में उसका साथ अकरम,अशफाक खान और प्रथम यादव ने दिया था। जाहिद की निशानदेही पर पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मानिकपुर चौकी प्रभारी प्रहलाद राठौर ने बताया कि पकड़े गए युवक मुड़ापार और दुरपा रोड के रहने वाले हैं। चोरी की घटना के कुछ घंटे बाद आरोपियों को पकड़ लिया गया है। मुख्य आरोपी जाहिद उर्फ बिट्टू है, जो मकान मालिक का रिश्ते में भतीजा है। इन आरोपियों से 68 हजार कैश बरामद किया गया है।

चोरी करने घुसे थे तीन आरोपी : पकड़े जाने पर चोर ने खुद पर चलाया ब्लेड

कोरबा (आरएनएस)। कोरबा जिले के नेहरू नगर में बन रहे मकान में बुधवार देर रात चोरी करने के लिए 3 लोग घुसे, लेकिन अचानक मकान मालिक और आसपास के लोगों के आ जाने से आरोपी भागने लगे। इनमें से 2 आरोपी तो भागने में कामयाब रहे, लेकिन तीसरे आरोपी को लोगों ने पकड़ लिया। इस पर तीसरे आरोपी ने खुद को ब्लेड मारकर अपनी जान लेने की कोशिश की। मामला मानिकपुर चौकी क्षेत्र का है। हालांकि बाद में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक नेहरू नगर में फरियाद अली नाम के शख्स का मकान बन रहा है। वो वर्तमान में आनंद विहार में रहता है। उसके निर्माणाधीन मकान में रात 12 बजे 3 चोर घुस गए। आसपास के लोगों ने खटपट की आवाज सुनी, तो उन्हें चोरों के घुस जाने का शक हुआ। लोगों ने तुरंत मामले की सूचना मकान मालिक फरियाद अली को दी। जिसके बाद वे तुरंत मौके पर पहुंच गए। उन्होंने पड़ोसी के साथ मिलकर आरोपियों को पकडऩा चाहा, तो युवक दीवार फांदकर फरार होने लगे।

2 आरोपी तो दीवार फांदकर फरार होने में कामयाब हो गए, लेकिन तीसरे आरोपी को जब लगा

कि वो भाग नहीं सकेगा और पकड़ा जाएगा, तो उसने अपने गले पर ब्लेड चला दिया। आरोपी का नाम रोहित राजपूत है, जो संजय नगर सुनालिया पुल के पास का निवासी है। उसकी गंभीर हालत को देख मकान मालिक ने तुरंत मानिकपुर चौकी पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया है।

पुलिस ने पकड़े गए आरोपी से पूछताछ की, तो उसने अपने दोनों साथियों का नाम बताया है। फरार दो आरोपियों में से शैलेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने कहा कि जल्द ही तीसरा आरोपी भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मानिकपुर चौकी प्रभारी प्रहलाद राठौर ने बताया कि मकान मालिक की शिकायत पर आरोपी रोहित कुमार को और उसके साथी शैलेश को गिरफ्तार कर कार्रवाई की जा रही है। वहीं आरोपी रोहित की हालत अब खतरे से बाहर है और उसका इलाज चल रहा है।

मकान मालिक फरियाद अली ने बताया कि वर्तमान में वह कहीं दूसरी जगह रहता है और मकान बनने के बाद नेहरू नगर में शिफ्ट होने की तैयारी में जुटा हुआ है। निर्माणाधीन मकान में कुछ केबल वायर समेत कुछ सामान रखा हुआ थाए जिसे आरोपी चोरी करने आए थे। बताया जा रहा है कि गिरफ्तार मुख्य आरोपी रोहित इससे पहले भी चोरी के मामले में पुलिस के हत्थे चढ़ चुका है। पुलिस उसके और भी आपराधिक मामले खंगालने में जुटी हुई है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक
आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे निश्चित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।
उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।
मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।
पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।
अन्य बिन्दु
● संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
● पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
● संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
● संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
● संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।
पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU